हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 11 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है, कि बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों में जिस प्रकार से पहलगाम के आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद का सफाया करने की आवश्यकता के संबंध में भारत के विचारों को प्रस्तुत किया, उस पर उन्हें गर्व है। प्रधानमंत्री ने पिछले कुछ हफ्तों में विश्व के 33 देशों की यात्रा करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से कल मुलाकात की, जिसमें सांसद और पूर्व राजनयिक शामिल थे। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इन प्रतिनिधियों ने शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता और आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात में अपने अनुभव साझा किए। अमरीका में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने राष्ट्र की सेवा का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा की। वहीं, शिवसेना यूबीटी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री के साथ कई अनुभव साझा किए।

****

भारत में पिछले एक दशक में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों का पालन करते हुए महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में देश में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार के कार्यों पर विशेष फीचर प्रस्तुत कर रहा है। इस क्रम में आज हम आपको बताएंगे कि किस प्रकार सुधारों और अन्य उपायों से प्रत्येक नागरिक का जीवन सुगम, सुरक्षित और सम्मानित बना है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महान कवि और समाज सुधारक संत कबीर दास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपना जीवन सामाजिक सद्भाव के लिए समर्पित कर दिया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उनके दोहों में शब्दों की सरलता और भावनाओं की गहराई है, जिसके कारण भारतीय जनमानस पर उनका गहरा प्रभाव है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में उनके योगदान को हमेशा श्रद्धा के साथ याद किया जाएगा।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के हजारों भूखंड आवंटियों को राहत देने वाली एमनेस्टी योजना लागू करने की घोषणा की है। कल हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की 128वीं बैठक की के बाद मुख्यमंत्री ने एमनेस्टी योजना सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से 6 जुलाई 2020 के बाद ई-नीलामी के बाद रद्द किए गए रिहायशी भूखंडों को नियमित किया जा सकेगा। यह योजना उन बोलीदाता पर लागू होगी जिन्होंने भूखंड की कुल लागत के 25% में से कम से कम 15% राशि जमा की थी , किन्तु शेष राशि समय पर जमा न कर पाने के कारण उनके भूखंड प्लॉट रद्द कर दिए गए थे। योजना के तहत ऐसे आवंटियों को अपनी बकाया राशि पर 18% वार्षिक ब्याज सहित पूर्ण भुगतान करना होगा। यह ब्याज दर देय तिथि से लेकर वास्तविक भुगतान तिथि तक लागू रहेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में फरीदाबाद एस्टेट में संपदा अधिकारी द्वितीय के नए पद के सृजन का निर्णय भी लिया गया। इसके अलावा फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ के सेक्टर-23 में सरकारी कॉलेज के निर्माण हेतु हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की 5 एकड़ भूमि को उच्च शिक्षा विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की तीन महत्वपूर्ण डिजिटल पहलों का भी शुभारंभ किया, जिनमें ई-आवास पोर्टल, ऑनलाइन एक्स-ग्रेशिया पॉलिसी आवेदन पोर्टल और जल बिलिंग डेटाबेस को पीपीएम सिस्टम से जोड़ने का ऑनलाइन तंत्र शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों को आवास आवंटन के लिए ई-आवास पोर्टल बनाया जाएगा।

****